प्रतिवेदन

कार्यक्रम – छात्रों एवं शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी

विषय – इंट्रोडक्शन ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इट्स एप्लीकेशन

आयोजन – आई क्यू ए सी एवं भौतिकी विभाग

दिनांक – 13 जून 2021

मोड– ऑनलाईन

संगोष्ठी श्रृंखला में दिनांक 13 जून 2021 को विभागाध्यक्ष भौतिकी काश्मीर एक्का के संयोजन में शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में ''इंट्रोडक्शन ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इट्स एप्लीकेशन'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संयोजक काश्मीर एक्का ने विषय प्रवर्तन करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे के स्वागत भाषण के उपरान्त आई क्यू ए सी समन्वयक मनोज साहू ने वेबिनार की महत्ता को प्रतिपादित किया। नैक प्रभारी डॉ0 आर के टण्डन के ऑनलाईन संचालन में आयोजित इस संगोष्ठी में इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विद्वान वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ डॉ0 गिरिधर के. रेड्डी महात्मा फूले महाविद्यालय वारूद महाराष्ट्र ने इलेक्ट्रानिक्स पर विस्तार से व्याख्यान दिया। तदुपरान्त शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर से भौतिकी के सहायक प्राध्यापक व विषय विशेषज्ञ कमलेश ठक्कर ने इलेक्ट्रानिक्स के अनुप्रयोग पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। एल एस पोर्ते के आभार में संपादित इस संगोष्ठी से बी एससी गणित के छात्रों सहित भौतिकी के अनेक छात्रों, अध्यापकों को विषय के अनछुए पहलुओं को जानने का मौका मिला। महाविद्यालय के लगभग समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति एवं देश के कई क्षेत्रों के भौतिकी पाठकों की सहभागिता से संगोष्ठी पूरी तरह सफल रही। यह संगोष्ठी इलेक्ट्रानिक्स विभाग में छात्रों को एक नई दिशा व अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी।